Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding need to set up a Mango Research Centre and providing compensation to farmers whose crops are damaged due to heavy rainfall and hailstorm in Amroha, U.P.

कुंवर दानिश अली (**अमरोहा**): अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र अमरोहा में आम की फसल बहुत होती है । हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा अच्छी क्वालिटी का आम यहां होता है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि अमरोहा में एक आम अनसंधान केन्द्र बनाया जाए । वहां एक्सपोर्ट क्वालिटी का आम होता है । इससे किसानों को मदद मिलेगी । जैसा आप जानते हैं पिछले दो सप्ताह में इतनी बारिश और ओलावृष्टि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई है, इससे किसान पूरी तरह से बर्बाद हो गया है, चाहे आलू का किसान हो या गेहूं का किसान हो या आम का किसान हो ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि ऐसी आपदा को देखते हुए केन्द्र सरकार वहां एक प्रतिनिधिमंडल भेजे और स्टडी करने के बाद किसानों को मुआवजा दिया जाए । किसान संकट में हैं और आत्महत्या करने के कगार पर हैं । मैं आपसे हाथ जोड़ कर अपील करता हूं कि किसानों के लिए सरकार नींद से जागे ।

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर को कुंवर दानिश अली द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।